# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# अप्रैल, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी अप्रैल, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 2 April, 2026

- **राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' ने नीलामी का नया रिकॉर्ड बनाया–**

1 अप्रैल, 2026 को राजा रवि वर्मा की प्रतिष्ठित ऑयल पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' (1890 के दशक की) सैफरन आर्ट्स स्प्रिंग लाइव ऑक्शन में ₹167.20 करोड़ (लगभग 17.9 मिलियन डॉलर/13.6 मिलियन पाउंड) में बिकी। यह नीलामी में बिकने वाली दुनिया की सबसे महँगी भारतीय पेंटिंग बन गई है। इससे पहले एम.एफ. हुसैन की 'United (Gram Yatra)' का ₹118 करोड़ का रिकॉर्ड टूटा। इसे औषधि उद्योगपति और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के संस्थापक डॉ. साइरस एस.पूनावाला ने खरीदा।

**पेंटिग की विशेषता–**1890 के दशक में बनी यह कृति माँ-बेटे के स्नेह को दर्शाती है–यशोदा गाय दुह रही हैं और शिशु कृष्ण उन्हें गले लगा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस पेंटिंग को भारत सरकार द्वारा 'गैर-निर्यात योग्य राष्ट्रीय खजाना' घोषित किया गया है, जिसका अर्थ है कि इसे देश के बाहर नहीं ले जाया जा सकता।

## Newspaper of 3 April, 2026

- **भारतीय मूल की लेखिका और अनुवादक पद्मा विश्वनाथन 2026 के इंटरनेशनल बुकर प्राइज की शॉर्टलिस्ट में शामिल हुई हैं। उन्होंने ब्राजील की लेखिका एना पाउला माइया की पुर्तगाली कृति 'ऑन अर्थ ऐज इट इज बिनीथ' का अंग्रेजी अनुवाद किया है। इसकी पुरस्कार राशि 52 लाख रुपए है, जो लेखक और अनुवादक में बराबर बांटी जाती है।**

- **स्वदेशी बुलेट ट्रेन 'बी 28' मार्च 2027 में तैयार होगी, तथा परीक्षण के बाद; 2027 में पटरियों पर दौड़ेगी–**

पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन 'बी28' मार्च 2027 तक तैयार हो जाएगी। रेल मंत्रालय ने कहा कि यह सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के उस विश्वास का प्रतीक है, जो अब पटरियों पर दौड़ने को तैयार है। बेंगलूरु स्थित BEML में दो बुलेट ट्रेन 'बी28' तैयार की जा रही हैं। रेल मंत्रालय के अनुसार 2027 की पहली तिमाही तक पहली ट्रेन तैयार हो जाएंगी। इसके बाद परीक्षण होंगे। गौरतबल है कि हाई स्पीड बुलेट ट्रेन 508 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर मुंबई और अहमदाबाद को जोड़ेगी। इन दोनों स्टेशनों के बीच 12 स्टेशन होंगे।

**सूरत और वापी के बीच होगी शुरुआत–**कंपनी ने शुरुआत में सूरत और वापी के बीच बी28 बुलेट ट्रेन शुरू करने की योजना बनाई है। 97 किलोमीटर लंबा यह मार्ग मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का हिस्सा है। इस ट्रैक को अगस्त 2027 तक चालू करने की योजना है। रेलवे के अनुसार बी28 को 280 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के लिए डिजाइन किया गया है। हालांकि शुरुआती चरण में यह 250 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इस बुलेट ट्रेन के चलने के बाद महाराष्ट्र में मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर व गुजरात में वापी, बिलीमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती स्टेशन होंगे।

## Newspaper of 7 April, 2026

- **अप्रैल, 2026 में शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। पेगुला ने फाइनल में युलिया स्टारोदुबत्सेवा को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। पेगुला यहाँ लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी हैं। वहीं यह इस साल का उनका दूसरा खिताब है।**

- **ग्रिड स्टेबिलिटी रूल्स–सख्त ग्रिड नियम अब 2027 से लागू होंगे; पवन-सौर ऊर्जा कंपनियों को मिली राहत–**

देश में पवन और सौर ऊर्जा कंपनियों को बड़ी राहत मिली है। बिजली नियामक सीईआरसी ने ग्रिड से जुड़े सख्त नियमों (ग्रिड स्टेबिलिटी रूल्स) लागू करने की समय-सीमा एक साल आगे बढ़ा दी है। अब ये नियम अप्रैल, 2026 की जगह अप्रैल, 2027 से लागू होंगे। ये नियम इसलिए बनाए गए हैं ताकि बिजली कंपनियाँ जितनी बिजली देने का वादा करती हैं, उतनी सप्लाई करें। अगर वे तय मात्रा से कम या ज्यादा बिजली बनाती हैं तो इससे बिजली व्यवस्था का संतुलन बिगड़ जाता है। नए नियमों के तहत अगर वास्तविक उत्पादन और सप्लाई में ज्यादा अंतर होता है तो कंपनियों पर जुर्माना (विचलन शुल्क) लगेगा।

**क्या हैं नए नियम**–नए नियमों के तहत विचलन का आकलन केवल उपलब्ध क्षमता के आधार पर नहीं किया जाएगा। एक मिश्रित तरीका अपनाया जाएगा, जिसमें तय (शेड्यूल्ड) उत्पादन को भी शामिल किया जाएगा। सौर व हाइब्रिड परियोजनाओं के लिए विचलन सीमा को +/–10% से घटाकर +/–5% किया जाएगा। वहीं पवन परियोजनाओं के लिए यह सीमा +/–15% से घटाकर +/–10% होगी।

- **अमूल का सालाना कारोबार ₹100000 करोड़ के पार; यह उपलब्धि पाने वाली देश की पहली एफएमसीजी फर्म–**

अमूल देश की पहली एफएमसीजी कंपनी बन गई है, जिसका सालाना टर्नओवर एक ट्रिलियन को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में अमूल का कारोबार पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11% बढ़कर एक लाख करोड़ रुपए रहा। अमूल के कारोबार में यह बढ़ोतरी घरेलू बाजार में विस्तार के कारण रही, जिसमें 5000 की आबादी वाले कस्बों तक पहुँच बनाना भी शामिल है। इसके साथ ही वैश्विक विस्तार की रणनीति से भी फायदा हुआ। इस डेयरी ब्रांड ने यूरोप और अमेरिका में ताजा दूध बिक्री की शुरुआत की। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कंपनी ने दो अंक में वृद्धि दर्ज की।

**देश की टॉप 5 एफएमसीजी फर्में–**

| कंपनी | सालाना बिक्री |
|---|---|
| ♦ अमूल | 100000 |
| ♦ एडब्ल्यूएल एग्री | 63672 |
| ♦ एचयूएल | 60573 |
| ♦ पतंजलि फूड्स | 33758 |
| ♦ आइटीसी | 22016 |

(राशि करोड़ रुपए में)

- **अप्रैल, 2026 में रूसी मिसाइल डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे भारत रूस के संयुक्त उपक्रम 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस' के प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे। उन्हें मिसाइल व अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अग्रणी हस्ती माना जाता था।**

- **पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस को केन्द्र सरकार की ओर से एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। गृह मंत्रालय ने यह सुरक्षा उनके सार्वजनिक जीवन में बढ़ती सक्रियता को देखते हुए दी है। उल्लेखनीय है कि लिएंडर पेस हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए हैं।**

- **ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिकों ने मानव बाल से भी पतला क्यूआर कोड तैयार कर विश्व रिकॉर्ड बनाया–**

हाल ही में ऑस्ट्रिया के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा क्यूआर कोड बनाया है, जो इंसानी बाल की चौड़ाई से भी छोटा है। इसे बनाने के लिए उन्होंने फोकस्ड आयन बीम नाम की तकनीक का इस्तेमाल किया। इस क्यूआर कोड को इसकी सूक्ष्मता के कारण गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। यह न केवल नई संभावनाएँ खोलता है, बल्कि भविष्य में डेटा स्टोरेज, सुरक्षा और सामग्री विज्ञान जैसे क्षेत्रों में भी नए रास्ते खोल सकता है।

**आकार सिर्फ 1.977 वर्ग माइक्रोमीटर**–इस क्यूआर कोड का आकार सिर्फ 1.977 वर्ग माइक्रोमीटर है, जो इसे अब तक के सबसे छोटे क्यूआर कोड में से एक बनाता है। यह इतनी सूक्ष्मता से तैयार किया गया है कि इसे आम तरीके से देख पाना मुश्किल है।

- **गोरखपुर की शिक्षिका दिव्या सिंह साइकिल से एवरेस्ट कैंप तक पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं–**

उत्तर प्रदेश की 28 वर्षीय शिक्षिका दिव्या सिंह ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक साइकिल से पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त किया है। काठमांडू से शुरू हुई इस 14 दिवसीय यात्रा में दिव्या ने 17560 फीट के ऊंचाई छुई। वह ऐसा करने वाली दुनिया की दूसरी महिला बन गई है।

दिव्या ने –12° सेंटीग्रेड की हाड़ कंपा देने वाली ठंड, कम ऑक्सीजन और बर्फीली हवाओं का सामना किया। दुर्गम रास्तों पर प्रतिदिन 10 से 12 घंटे साइकिल चलाई।

**Newspaper of 9 April, 2026**

- **8 अप्रैल, 2026 को केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में ₹174207 करोड़ की पाँच बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें जयपुर मेट्रो फेज-2, किसानों के लिए खाद सब्सिडी, HPCL राजस्थान रिफाइनरी और अरुणाचलप्रदेश की दो बड़ी हाइड्रो परियोजनाएँ हैं।**
  - ♦ जयपुर मेट्रो फेज-2 के लिए ₹13038 करोड़ की लागत को मंजूरी दी है। यह 41 किमी. लम्बा कॉरिडोर होगा।
  - ♦ खरीफ 2026 के लिए ₹41534 करोड़ की खाद सब्सिडी को मंजूरी दी है। इससे किसानों को डीएपी और अन्य उर्वरक सस्ती कीमत पर मिलेंगे।

- **वैश्विक दुर्लभ खनिज रिपोर्ट 2026 में चीन का वर्चस्व रहा–**

8 अप्रैल, 2026 को अन्तरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा जारी 'दुर्लभ खनिज रिपोर्ट 2026' के अनुसार, चीन दुनिया में दुर्लभ खनिजों के सबसे बड़े भंडार वाला देश बना हुआ है।
  - ♦ कुल वैश्विक भंडार का लगभग 49% (4.4 करोड़ टन) हिस्सा अकेले चीन के पास है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- भंडार के मामले में चीन पहले, ब्राजील (2.1 करोड़ टन; 23%) दूसरे और भारत (72 लाख टन; 8%) तीसरे स्थान पर है।

## Newspaper of 10 April, 2026

- **हाल ही में मंगोलिया में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कोटा की अरुंधती चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता है। 9 अप्रैल, 2026 को फाइनल में अरुंधती ने कजाकिस्तान की बॉक्सर बख्यत सेईडीश को हराया। इससे पूर्व नवंबर 2025 में आयोजित वर्ल्डकप में भी अरुंधती ने स्वर्णपदक जीतकर वर्ल्ड चैंपियन का खिताब अपने नाम किया था।**

- **संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत को चार अहम जिम्मेदारियाँ मिलीं–**
हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत को बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के ईसीओएसओसी यानि आर्थिक और सामाजिक परिषद् से जुड़े चार अहम निकायों के चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। इन सभी चुनावों में भारत का चयन सर्व सम्मति से हुआ है, जो वैश्विक मंच पर उसकी मजबूत स्थिति को दर्शाता है। इन चुनावों में भारत के विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग, गैर-सरकारी संगठनों की समिति और कार्यक्रम एवं समन्वय समिति में चुना गया है। साथ ही, भारत की वरिष्ठ राजनयिक रही प्रीति सरन को आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की समिति (CESCR) में फिर से चुना गया है।

- **हाल ही में वर्ल्ड बैंक ने भारत की वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी में वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 6.6% कर दिया है, जो पहले 6.3% था, भारत के पास हाई फॉरेक्स रिजर्व, पर्याप्त फिस्कल स्पेस और नियंत्रित महँगाई जैसे फेक्टर हैं जो आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में सहयोगी हैं। मूडीज के अनुसार 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर 6.0% एवं ओईसीडी के अनुसार 6.1% अनुमानित है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार भारत वित्त वर्ष 2026 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है।**

- **अप्रैल, 2026 में भारतीय सेना की पूर्वी कमान की त्रिशक्ति कॉर्प्स और बीआरओ के जवानों ने एक साहसिक अभियान हिम सेतु चलाकर 1405 लागों को बचाया। उत्तरी सिक्किम के लाचेन व चुंगथांग के बीच बर्फवारी व भूस्खलन से सड़क संपर्क टूट गया था। सेना ने 24 घंटे में बर्फ हटाकर, अस्थायी पुल बनाकर 1321 पर्यटकों और 84 स्थानीय लोगों को निकाला।**

- **नवीकरणीय ऊर्जा में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुँचा–**
अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी (IRENA) द्वारा जारी 'नवीकरणीय ऊर्जा सांख्यिकी 2026' के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है (आँकड़े-दिसम्बर, 2025) इस क्षेत्र में भारत ने ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है।
वर्तमान में केवल चीन और अमेरिका ही भारत से आगे हैं।

**कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता**

| देश | क्षमता (गीगावाट) | देश | क्षमता (गीगावाट) |
|---|---|---|---|
| चीन | 2258.02 | जर्मनी | 199.92 |
| अमरीका | 467.92 | जापान | 134.53 |
| भारत | 250.52 | कनाडा | 110.51 |
| ब्राजील | 228.20 | विश्व | 5149.28 |

## Newspaper of 11 April, 2026

- **एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9% रहने का अनुमान लगाया है। बीते वित्त वर्ष विकास दर 7.6% थी। एडीबी का अनुमान रिजर्व बैंक के अनुमान से मेल खाता है।**

- **दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त बने–**
पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को ढाका (बांग्लादेश) में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। वह इस पद पर प्रणय वर्मा का स्थान लेंगे। प्रणय वर्मा को 10 अप्रैल, 2026 को बेल्जियम और यूरोपीय संघ में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

- **कारगिल युद्ध के महानायक कर्नल सोनम वांगचुक का निधन हुआ–**
10 अप्रैल, 2026 को कारगिल युद्ध के नायक और 'महावीर चक्र' से सम्मानित कर्नल सोनम वांगचुक (सेवानिवृत्त) का लेह में 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।
1999 के कारगिल युद्ध (ऑपरेशन विजय) के दौरान उन्होंने 'चोरबाट ला' चोटी पर पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए लद्दाख स्काउट्स की एक टुकड़ी का सफल नेतृत्व किया था।
अपनी बहादुरी के कारण उन्हें 'लद्दाख का शेर' (उपनाम) कहा जाता था।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 12 April, 2026

■ **11 अप्रैल, 2026 को नासा के आर्टेमिस-2 मिशन से चारों अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आए। ओरियन कैप्सूल अमेरिका के सैन डिएगो तट के पास प्रशान्त महासागर में स्प्लैशडाउन हुआ। 10 दिवस का यह मिशन 1 अप्रैल, 2026 को लॉन्च हुआ था। इस मिशन के दौरान वर्ष 1972 के बाद अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा के इतने निकट पहुँचे।**

- आर्टेमिस-2 मिशन में अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा के सबसे निकट जाकर लौटे।
- 04 लाख किलोमीटर तक पहुँचे, अब तक पृथ्वी से सबसे दूर
- इन अंतरिक्ष यात्रियों ने 11.16 लाख किलोमीटर की यात्रा की।

## Newspaper of 13 April, 2026

■ **आशा भोसले 'आशा ताई' का निधन हुआ–**

12 अप्रैल, 2026 को भारतीय संगीत जगत की दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले का मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

विश्व रिकॉर्ड–उन्होंने 20 से अधिक भाषाओं में 12000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए। उनका नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में भी दर्ज है। उन्हें शास्त्रीय संगीत, गजल, भजन से लेकर 'पॉप' और 'कैबरे' गानों में उनकी वर्साटाइल आवाज के लिए जाना जाता था।

## Newspaper of 14 April, 2026

■ **ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला सेना प्रमुख बनीं सुजन कॉयल–**

ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में पहली बार देश की सेना की कमान एक महिला के हाथ में होगी। लेफ्टिनेंट जनरल सुजन कॉयल को नया सेना प्रमुख बनाया गया है। वह जुलाई 2026 से पद संभालेंगी। वह अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया में कई अभियानों का नेतृत्व कर चुकी हैं।

1992 में रॉयल मिलिट्री कॉलेज से ग्रेजुएशन कर सुजन रॉयल ऑस्ट्रेलियन कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स में शामिल हुई। वह अभी जॉइंट कैपेबिलिटीज की चीफ हैं और ऑस्ट्रेलियाई फोर्स के स्पेस और साइबर डोमेन की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

सुजन कॉयल अब दुनिया की उन चुनिंदा महिला अधिकारियों की सूची में शामिल हो गई हैं जिन्होंने अपने देशों में शीर्ष सैन्य पद हासिल किए हैं। कनाडा में जेनी कैरिग्नैन को 2024 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाया गया था। स्लोवेनिया में एलेंका एर्मैक 2018 में सेना प्रमुख बनी थीं। ब्रिटेन में शेरॉन नेस्मिथ को 2024 में वाइस चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किया गया था। वह देश के इतिहास में सबसे वरिष्ठ महिला सैन्य अधिकारी बनी थी।

■ **अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने महिला टी-20 वर्ल्डकप 2026 के लिए रिकॉर्ड प्राइज मनी घोषित की है। इंग्लैंड और वेल्स में होने वाली इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि बढ़ाकर ₹817 करोड़ की गई है, जो 2024 के मुकाबले 10% ज्यादा है। विजेता टीम को ₹218.35 करोड़, उपविजेता को ₹109 करोड़ और सेमीफाइनल हारने वाली टीम को ₹63 करोड़ मिलेंगे।**

## Newspaper of 15 April, 2026

■ **पीएम नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली से देहरादून 210 किमी. लम्बे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया–**

14 अप्रैल, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देहरादून के गढ़ी कैंट स्थित जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। करीब 210 किलोमीटर लंबे इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से दिल्ली से देहरादून की दूरी अब 6 घंटे से घटकर महज ढाई घंटे में तय की जा सकेगी। यह एक्सप्रेस-वे न सिर्फ कनेक्टिविटी बल्कि प्रकृति संरक्षण और आधुनिक इंजीनियरिंग का भी उत्तम उदाहरण है। प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा आकर्षण है एशिया का सबसे लंबा 12 किलोमीटर का ग्रीन एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर, जो राजाजी टाइगर नेशनल पार्क के ऊपर से गुजरता है।

**एशिया का सबसे बड़ा एलिवेटेड कॉरिडोर–**यह एक्सप्रेस-वे राजाजी नेशनल पार्क और शिवालिक जंगलों से होकर गुजरता है। ऐसे में जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए 12 किमी का एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर बनाया गया, जो एशिया में सबसे लंबा है। ऊपर से गाड़िया जाएंगी और नीचे जंगली जानवर आ-जा सकेंगे। इसमें हाथियों के लिए दो अंडरपास और डाट काली माता मंदिर के पास 370 मीटर लंबी सुरंग शामिल है।

## Newspaper of 16 April, 2026

■ **सम्राट चौधरी ने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली–**

15 अप्रैल, 2026 को भाजपा के सम्राट चौधरी ने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्हें लोकभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने शपथ दिलाई। इनके साथ ही जनता दल (यू) के विजय

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कुमार चौधरी और विजेन्द्र प्रसाद यादव ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली।

## Newspaper of 17 April, 2026

■ **बालेन का 'ऑपरेशन क्लीन' नेताओं की कमाई पर नजर; जाँच के लिए पाँच सदस्यीय आयोग बनाया–**

नेपाल सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पिछले दो दशकों में सत्ता में रहे प्रमुख नेताओं और वरिष्ठ अफसरों की संपत्ति की जांच के लिए एक आयोग बनाने की घोषणा की है। सरकार के प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल ने बताया कि पाँच सदस्यों का एक आयोग बनाया जाएगा, जिसकी अगुवाई सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज राजेन्द्र कुमार भंडारी करेंगे। यह आयोग 2006 से 2026 तक सत्ता में रहे नेताओं और अधिकारियों की संपत्ति की जानकारी जुटाएगा, उसकी जाँच करेगा और उसे वेरिफाई करेगा।

2006 वही वर्ष था जब दूसरे जनआंदोलन के बाद तत्कालीन राजा ज्ञानेन्द्र शाह की 'निरंकुश' सरकार गिर गई थी।

## Newspaper of 18 April, 2026

■ **मध्यप्रदेश के रीवा जिले की सिरमौर तहसील में देश का पहला निजी क्षेत्र का न्यूक्लियर पावर प्लांट बनेगा। टाटा एनर्जी ₹28000 करोड़ के निवेश से यह प्लांट स्थापित करेगी।**

■ **गृह मंत्रालय की ऐतिहासिक घोषणा की; देश में अब कोई नक्सल प्रभावित जिला नहीं–**

17 अप्रैल, 2026 को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने देश को पूरी तरह से नक्सलमुक्त घोषित कर दिया है। एसआरई (सिक्योरिटी रिलेटेड एक्सपेंडिचर) योजना के तहत नक्सल प्रभावित जिलों की पुनर्समीक्षा के बाद गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव कुमार ने सभी संबंधित राज्यों के गृह-सचिव और डीजीपी को पत्र जारी कर बताया कि अब देश में कोई भी जिला नक्सल प्रभावित श्रेणी में नहीं बचा है। 8 अप्रैल, 2026 को जारी आदेश में वामपंथी उग्रवाद प्रभाग ने इसे केन्द्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों का ऐतिहासिक परिणाम बताया। सुरक्षा अभियानों के साथ विकास, आजीविका और जनकल्याण योजनाओं से प्रभावित क्षेत्रों में बड़ा बदलाव आया है।

समीक्षा के बाद 9 राज्यों के 38 जिलों को दो श्रेणियों में बांटा गया है। 'लिगेसी एवं थ्रस्ट' श्रेणी में 37 जिले शामिल हैं, जहाँ नक्सलियों का प्रभाव समाप्त हो चुका है। छत्तीसगढ़ के बस्तर समेत 13 जिले इसमें शामिल हैं। वहीं झारखंड का पश्चिमी सिंहभूमि 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न' श्रेणी में रखा गया है, जहाँ निगरानी और सुरक्षा प्रयास अभी जारी रहेंगे।

**नौ राज्यों के यह लिगेसी-थ्रस्ट जिले पूरी तरह नक्सल मुक्त–**

- **छत्तीसगढ़–**बस्तर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, धमतरी, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गडई, राजनांदगांव, मोहला, मानपुर-अंबागढ़ चौकी, गरियाबंद।
- **झारखण्ड–**बोकारो, चतरा, लातेहार।
- **ओडिशा–**बौध, सुंदरगढ़, कालाहांडी, कोरापुट, मलकानगिरी, नबरंगपुर, नुआपाड़ा, रायगढ़, कंधमाल।
- **आंध्रप्रदेश–**अल्लूरी सीतारामराजू जिला।
- **बिहार–**औरंगाबाद, गया, जमुई, लखीसराय।
- **मध्यप्रदेश–**बालाघाट, मंडला।
- **महाराष्ट्र–**गढ़चिरौली, गोंदिया।
- **तेलंगाना–**भद्राद्री-कोठागुडेम, मुलुगु, पश्चिम बंगाल में झाड्राम।

■ **ऑस्ट्रियाई चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा–**

14-17 अप्रैल, 2026 को ऑस्ट्रिया के संघीय चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर ने भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा संपन्न की।

इसका मुख्य उद्देश्य जुलाई, 2024 में पीएम मोदी की ऑस्ट्रिया यात्रा के दौरान बने कूटनीतिक रोडमैप को क्रियान्वित करना और आपसी सहयोग को प्रगाढ़ बनाना है।

- रक्षा औद्योगिक और तकनीकी साझेदारी के लिए 'आशय पत्र' (Letter of Intent) पर हस्ताक्षर किए गए।
- आतंकवाद विरोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना हेतु आशय पत्र पर सहमति बनी।
- डिजिटल सुरक्षा के लिए एक नए संस्थागत 'साइबर सुरक्षा संवाद' की शुरुआत की घोषणा।

**आर्थिक एवं तकनीकी समझौते–**

- दोनों देशों के निवेशकों के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने हेतु एक विशेष तंत्र की स्थापना।
- भारत की FSSAI और ऑस्ट्रिया की AGES के बीच वैज्ञानिक सहयोग हेतु समझौता।
- फिल्म और मीडिया क्षेत्र में सह-निर्माण पर समझौता।

**शिक्षा, अंतरिक्ष एवं नवाचार–**

- ऑस्ट्रिया के तीन प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों (TU Wien, TU Graz और Montanuniversitat Leoben) द्वारा भारतीय छात्रों और शोध हेतु विशेष पहल की शुरुआत।
- वर्ष 2026 की शरद ऋतु में वियना में एक द्विपक्षीय 'अंतरिक्ष उद्योग संगोष्ठी' का आयोजन किया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 19 April, 2026

- **अप्रैल, 2026 में हुई घोषणानुसार भारत और रूस के बीच हुए अहम रक्षा समझौते के तहत दोनों देश एक-दूसरे की जमीन पर अधिकतम 3000 सैनिक, 10 फाइटर जेट और 5 युद्धपोत तैनात कर सकेंगे। यह समझौता 12 जनवरी, 2026 से लागू है और 18 अप्रैल को इसके दस्तावेज सार्वजनिक किए गए। यह तैनाती संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण, मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए होगी। दोनों देश एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों हवाई अड्डों और बंदरगाहों का उपयोग ईंधन, मरम्मत और लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए कर सकेंगे, जिससे 40 से ज्यादा ठिकानों तक पहुँच आसान होगी। फिलहाल यह समझौता 5 साल के लिए वैध रहेगा।**

- **बेंगलुरु बना चीतों का नया घर : कर्नाटक प्रोजेक्ट चीता में हुआ शामिल–**

देश का दक्षिणी राज्य कर्नाटक चीतों की आबादी को पुनर्जीवित करने के राष्ट्रीय अभियान में शामिल होने वाला नवीनतम राज्य बन गया है। प्रोजेक्ट चीता के तहत दक्षिण अफ्रीका से 4 अफ्रीकी चीते (2 नर, 2 मादा) 18 अप्रैल, 2026 को पहली बार बेंगलुरु पहुँचे। इन्हें दक्षिण अफ्रीका के 'इंदुना प्राइमेट एंड पैरट पार्क' से लाया गया है।

- ♦ इन्हें बेंगलुरु के बैनरघट्टा जैविक पार्क में रखा गया है, जहाँ वे वर्तमान में 30 दिनों के अनिवार्य क्वारेंटीन में हैं।
- ♦ यह स्थानांतरण वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत स्वीकृत 'पशु विनिमय कार्यक्रम' के माध्यम से किया गया है।

- **देश का पहला पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क लद्दाख में–**

18 अप्रैल, 2026 को लद्दाख के लेह में सिंधु नदी के तट पर प्राचीन शैल कला को संरक्षित करने के लिए इस विशेष पार्क की शुरुआत की गई है।

इसके संरक्षण के लिए 'भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण' (ASI) और 'अभिलेखागार, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग' के बीच एक MOU पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**स्थापना का मुख्य उद्देश्य–**प्राचीन शैल चित्रों को जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षरण और मानवीय गतिविधियों से होने वाले नुकसान से बचाना है।

**पेट्रोग्लिफ क्या हैं?**

- ♦ ये चट्टानों की सतह को काटकर या उकेर कर बनाए गए प्राचीन चित्र होते हैं, जो प्रारंभिक मानव सभ्यता का प्रमाण हैं।
- ♦ लद्दाख में सिंधु और जांस्कर नदियों के किनारे लगभग 400 पेट्रोग्लिफ स्थल पाए जाते हैं, जिससे यह क्षेत्र दक्षिण और मध्य एशिया के समृद्ध शैल-कला क्षेत्रों में शामिल है।

## Newspaper of 20 April, 2026

- **गोवा की साध्वी सतीश सैल फैमिना मिस इंडिया-2026 चुनी गयी–**

19 अप्रैल, 2026 को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित समारोह में गोवा की साध्वी सतीश सैल फैमिना मिस इंडिया-2026 चुनी गयी हैं। उन्होंने देशभर से आयीं 30 प्रतिभागियों में जगह बनायी। मिस इंडिया 2024 निकिता पोरवाल ने उन्हें क्राउन पहनाया। साध्वी अब मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाराष्ट्र की राजनंदिनी पवार फर्स्ट रनर अप तो जम्मू-कश्मीर की अद्वैता सेकण्ड रनर उप रही।

- **चार बार अंतरिक्ष यात्रा कर चुके असम मूल के अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री माइक फिंके ने असम के नववर्ष के प्रतीक 'रोंगाली बिहू' के जश्न के बीच इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) पर गर्दन में पारंपरिक 'गामोसा' पहनकर बिहू नृत्य किया। वे ऐसा 2024 की अपनी अंतरिक्ष यात्रा के दौरान भी कर चुके हैं।**

- **डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट डीएससी ए 23 (यार्ड 328) नौसेना में शामिल हुआ–**

19 अप्रैल, 2026 को भारतीय नौसेना ने डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (DSC) परियोजना के जहाज, डीएससी ए 23 (यार्ड 328) को टीटागढ़ (कोलकाता) में बेड़े में शामिल किया।

बंदरगाहों और तटीय जल में गोताखोरी (डाइविंग) अभियान के लिए डिजाइन किए गए पाँच डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट-डीएससी परियोजना का यह चौथा जहाज है। इसका निर्माण मेसर्स टीटागढ़ नेवल सिस्टम्स लिमिटेड (TNSL) द्वारा स्वदेशी रूप से किया गया है।

- **देश की पहली उन्नत 3डी सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई का ओडिशा में शिलान्यास हुआ–**

19 अप्रैल, 2026 को भारत की पहली उन्नत 3डी ग्लास सेमीकंडक्टर पैकेजिंग यूनिट का शिलान्यास भुवनेश्वर (ओडिशा) की इन्फो वैली में किया गया।

- ♦ यह एक ग्रीनफील्ड वर्टीकली इंटीग्रेटेड उन्नत पैकेजिंग और अंतर्निहित काँच आधार (एम्बेडेड ग्लास सब्सट्रेट) एटीएमपी सुविधा-केन्द्र है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- यह इकाई उन्नत 3D हेटेरोजेनस इंटीग्रेशन (3DHI) मॉड्यूल का निर्माण करेगी, जिसके लिए भारत अब तक आयात पर निर्भर था। इस सुविधा-केन्द्र से प्रति वर्ष 70000 ग्लास पैनल, 50 मिलियन असेंबल यूनिट और लगभग 13000 उन्नत 3DHI मॉड्यूल का उत्पादन किया जाएगा।
- यहाँ पारम्परिक सिलिकॉन के बजाय अत्याधुनिक ग्लास सबस्ट्रेट तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जो AI, 5G एयरोस्पेस, रक्षा, कृत्रिम मेधा, 5जी तकनीक और अगली पीढ़ी की रक्षा प्रणालियों के लिए आवश्यक है।
- अमेरिकी कंपनी '3D ग्लास सॉल्यूशंस इंक' द्वारा अपनी भारतीय सहायक कम्पनी 'हेटेरोजीनियस इंटीग्रेशन पैकेजिंग सॉल्यूशंस प्रा. लि.' (HIPSPL) के माध्यम से।

## Newspaper of 21 April, 2026

### कोरियाई राष्ट्रपति ली जे-म्युंग का भारत दौरा; दोनों देशों के बीच 14 समझौतों पर एमओयू हुए; वर्ष 2030 तक 27 अरब डॉलर से 50 अरब डॉलर तक व्यापार पहुँचेगा–

20 अप्रैल, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे-म्युंग के बीच हैदराबाद हाउस में हुई ऐतिहासिक वार्ता ने दोनों देशों के संबंधों को एक 'फ्यूचरिस्टिक पार्टनरशिप' में बदल दिया है। आठ साल बाद किसी दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के इस पहले राजकीय दौरे पर पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार, जो वर्तमान में 27 अरब डॉलर है, उसे साल 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुँचाया जाएगा। दोनों देशों ने यहाँ 14 एमओयू पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त प्रेस वार्ता में जे-म्युंग ने कहा, दोनों देश अपनी-शक्तियों का लाभ उठाते हुए रणनीतिक उद्योगों में सहयोग करेंगे।

#### सहयोग के लिए नए सेतु बनाए गए–

- **आर्थिक सुरक्षा संवाद**–क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने के लिए।
- **इंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिज**–एआई, सेमीकंडक्टर्स और सूचना प्रौद्योगिकी में साझेदारी के लिए।
- **औद्योगिक सहयोग समिति**–व्यापारिक अड़चनों को दूर करने और निवेश बढ़ाने के लिए।
- **कोरियाई इंडस्ट्रियल टाउनशिप**–विशेष रूप से दक्षिण कोरियाई लघु एवं मध्यम उद्योगों को भारत में स्थापित करने के लिए विशेष क्षेत्र बनाए जाएंगे।
- **संस्कृति**–2028 में 'मैत्री उत्सव' का आयोजन।

#### प्रमुख समझौते और एमओयू ( कुल 15 समझौते )

- भारत के UPI (NPCI Inter-national) और कोरिया के KFTC के बीच भुगतान प्रणालियों को जोड़ने हेतु समझौता।
- इस्पात आपूर्ति शृंखला, बंदरगाह विकास, MSME और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एमओयू।

### शेखा झील पक्षी अभयारण्य भारत का 99वाँ रामसर स्थल घोषित–

22 अप्रैल, 2026 को शेखा झील पक्षी अभयारण्य (अलीगढ़, उत्तर प्रदेश) को आधिकारिक तौर पर भारत का 99वाँ रामसर स्थल घोषित किया गया है। इस घोषणा के साथ ही उत्तर प्रदेश में रामसर स्थलों की कुल संख्या बढ़ाकर 12 हो गई है।

शेखा झील मध्य एशियाई फ्लाईवे (Central Asian Flyway) पर एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है।

यह सर्दियों के दौरान बार-हेडेड गूस, पेंटेड स्टॉर्क और विभिन्न प्रकार की बत्तखों जैसे प्रवासी पक्षियों के लिए एक महत्त्वपूर्ण आवास प्रदान करती है।

## Newspaper of 25 April, 2026

### भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को अमेरिका के यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के 'इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। जनरल वी.के. सिंह और जनरल विक्रम सिंह के बाद वह यह सम्मान पाने वाले तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं।

### 'टाइम्स हायर एजुकेशन' एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के सबसे अधिक 128 संस्थान, जापान नंबर 2 पर–

हाल ही में जारी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 'टाइम्स हायर एजुकेशन' एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के रिकॉर्ड 128 संस्थानों ने जगह बनाई है। संख्या के लिहाज से भारत अब पूरे एशिया में पहले स्थान पर है। दूसरे नंबर पर जापान के 115 संस्थान हैं। हालांकि टॉप-40 की सूची में भारत का एक भी संस्थान नहीं है। इस रैंकिंग में चीन का दबदबा बरकरार है, जिसने टॉप-10 की आधी सीटों पर कब्जा किया है। इस साल की रैंकिंग में 36 देशों और क्षेत्रों के रिकॉर्ड 929 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।

#### शीर्ष पर चीन और सिंगापुर का दबदबा–

- चीन की सिंघुआ यूनिवर्सिटी लगातार आठवें वर्ष एशिया में नंबर-1 रही।
- टॉप-10 संस्थानों में से 5 अकेले चीन के हैं।
- सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग के 2-2 संस्थान शीर्ष 10 में शामिल।
- जापान की टोक्यो यूनिवर्सिटी एक दशक में अपने सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंक पर पहुँची।

**टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग–**

| देश | सर्वश्रेष्ठ विवि/संस्थान | उच्चतम रैंक | कुल संस्थान |
|---|---|---|---|
| भारत | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस | 43 | 128 |
| जापान | द यूनिवर्सिटी ऑफ टोक्यो | 4 | 115 |
| तुर्की | कोच यूनिवर्सिटी | 73 | 109 |
| चीन | सिंघुआ यूनिवर्सिटी | 1 | 97 |
| ईरान | शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी | 76 | 90 |
| पाकिस्तान | कायद-ए-आजम यूनिवर्सिटी | 148 | 48 |

- **अप्रैल, 2026 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है। RBI ने यह फैसला ऑडिट रिपोर्ट में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत नियमों की अनदेखी करने के आरोप में लिया। RBI के फैसले के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड ने बैंकिंग कारोबार रोक दिया है, यानि अब पेटीएम बैंकिंग परिचालन या वॉलेट में पैसे नहीं रख सकेंगे लेकिन पेटीएम से बैंक खाते के जरिये यूपीआइ से भुगतान व प्राप्ति जारी रहेगी।**

## Newspaper of 26 April, 2026

- **केन्द्र सरकार ने नीति आयोग के शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल के तहत पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) और 15वें वित्त आयोग के सदस्य अशोक लाहिड़ी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव अभय करंदीकर, पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अंशकालीन सदस्य केवी राजू, परमाणु वैज्ञानिक गोवर्धनदास और एम्स दिल्ली के निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।**
- **डब्ल्यूएचओ (W.H.O.) ने पहली बार नवजात और छोटे बच्चों के लिए मलेरिया के उपचार को मंजूरी दी है। आटेमेथर-लुमेफैंड्रिन पहला मलेरिया रोधी फॉर्मूलेशन है। अब तक शिशुओं का इलाज बड़े बच्चों के लिए बनाई दवा से ही किया जाता रहा है। WHO के अनुसार 2024 में 80 देशों में मलेरिया के 28.2 करोड़ केस मिले एवं 6.10 लाख मौतें हुई।**
- **निजी स्पेस एजेंसी स्काईरूट ने देश का पहला कक्षीय रॉकेट विक्रम-1 तैयार कर लिया है। तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी ने 25 अप्रैल, 2026 को इसे श्रीहरिकोटा स्थित प्रक्षेपण स्थल के लिए रवाना किया। यह रॉकेट उपग्रहों को अंतरिक्ष में ले जाने में सक्षम है। रॉकेट का पूरा डिजाइन और विकास हैदराबाद में ही हुआ है।**

## Newspaper of 27 April, 2026

- **अप्रैल, 2026 में हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट ने सरकारी कर्मी भर्ती एवं सेवा शर्तें एक्ट-2024 को असंवैधानिक करार देकर रद्द कर दिया। न्यायालय के अनुसार इसकी कई धाराएँ संविधान के खिलाफ हैं।**
- **26 अप्रैल, 2026 को भारत में फोटो पत्रकारिता के 'जनक' माने जाने वाले मशहूर फोटोग्राफर रघु राय (83) का निधन हो गया। वर्ष 1942 में पंजाब के झंग (अब पाकिस्तान में) में जन्में रघुराय ने 1960 के दशक में करियर की शुरुआत की और पाँच दशकों से अधिक समय तक देश की सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय कहानियों को कैमरे में दर्ज किया। भोपाल गैस त्रासदी की उनकी तस्वीरें विश्वभर में चर्चित रहीं।**

## Newspaper of 28 April, 2026

- **सिपरी की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया का सैन्य खर्च 273 लाख करोड़ हुआ टॉप-5 में भारत का स्थान रहा–**

हाल ही में जारी सिपरी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में दुनिया का कुल सैन्य खर्च 2.887 ट्रिलियन (लगभग 273 लाख करोड़ रुपए) तक पहुँच गया है। यह लगातार 11वाँ साल है जब रक्षा बजट में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस वैश्विक रेस में भारत 92.1 अरब डॉलर (8.6 लाख करोड़) के खर्च के साथ दुनिया के शीर्ष पांच देशों में है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रति व्यक्ति सैन्य खर्च अब 352 डॉलर (लगभग 29000 रुपए) हो गया है। सिपरी का मानना है कि 2026 और उसके बाद भी यह बढ़त जारी रहेगी क्योंकि दुनिया कूटनीति के बजाय हथियारों के दम पर सुरक्षा खोज रही है।

भारत ने 2025 में अपने सैन्य खर्च में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का रक्षा बजट मुख्य रूप से दो मोर्चों पर केन्द्रित है। चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी गतिरोध और दूसरा, आधुनिकीकरण।

**5 सबसे बड़े सैन्य खर्च वाले देश (2025)**

| रैंक | देश | रक्षा खर्च | वृद्धि या गिरावट | वैश्विक हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | 954 अरब | –7.5% | 33% |
| 2 | चीन | 336 अरब | 7.4% | 12% |
| 3 | रूस | 190 अरब | 5.9% | 6.6% |
| 4 | जर्मनी | 114 अरब | 24% | 3.9% |
| 5 | भारत | 92.1 अरब | 8.9% | 3.2% |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **लद्दाख में 5 नए जिले, अब कुल 7 जिले–**

हाल ही में लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए पाँच नए जिलों के गठन को मंजूरी दे दी है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 27 अप्रैल, 2026 को इसकी घोषणा करते हुए इसे 'ऐतिहासिक कदम' बताया और कहा कि इसका उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में शासन को लोगों के करीब लाना और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना है। इस फैसले के बाद लद्दाख से जिलों की संख्या दो से बढ़कर सात हो जाएगी। नए जिलों में कारगिल क्षेत्र के जांस्कर और द्रास, जबकि लेह क्षेत्र के शाम, नुब्रा और चांगथांग शामिल हैं।

■ **भारत की पहली सीप्लेन एयरलाइन को लाइसेंस मिला–**

भारत में फिर से सीप्लेन सेवाएँ शुरू होने जा रही है। ये संवाएँ एक नई एयरलाइन स्काईहॉप एविएशन देगी। एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने इसे एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट यानी लाइसेंस दे दिया है। इससे पहले स्पाइसजेट ने गुजरात में सीप्लेन सेवा शुरू की थी लेकिन वह लम्बे समय तक चल नहीं सकी। कंपनी 19 सीटों वाले विमान से सेवाएँ शुरू करेगी।

■ **भारत की महारत्न कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने लीबिया के 'घडामेस बेसिन' स्थित एरिया 95/96 ब्लॉक में तेल और गैस के नए भंडार की खोज की है। लीबिया की नेशनल ऑयल कॉरपोरेशन ने इसे ब्लॉक की पांचवी आधिकारिक खोज के रूप में मान्यता दे दी है।**

■ **भारत-न्यूजीलैंड में ऐतिहासिक फ्री ट्रेड डील, भारत का साढ़े तीन साल में सातवां एफटीए; न्यूजीलैंड को भारत का 100% निर्यात ड्यूटी फ्री, हर साल 5000 पेशेवरों को वर्क वीजा भी–**

27 अप्रैल, 2026 को भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हुआ। ट्रेड समझौते पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल व न्यूजीलैंड के ट्रेड मंत्री टॉड मैक्ले ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। न्यूजीलैंड में कपड़ा, चमड़े के जूते, रत्न और आभूषण सहित भारत का 100% निर्यात ड्यूटी-फ्री रहेगा। पहले भारत के विभिन्न उत्पादों पर 10% तक शुल्क था। भारत में न्यूजीलैंड के 70% उत्पादों पर टैरिफ में छूट मिलेगी। ये कुल व्यापार मूल्य का 95% है। 30% आयात समझौते से बाहर रखा है। इनमें डेयरी, प्याज, चना, मक्का, बादाम जैसे कृषि उत्पाद, चीनी, कृत्रिम शहद, तेल, हथियार और कुछ धातु उत्पाद शामिल हैं। न्यूजीलैंड की संसद की मंजूरी के बाद समझौता साल के अंत तक लागू होने की उम्मीद है।

**टेक्सटाइल, दवा, चमड़ा सहित सभी सेक्टर्स को लाभ–**

| सेक्टर | पहले टैरिफ |
|---|---|
| टेक्सटाइल/परिधान | 10% तक |
| चमड़ा और फुटवियर | 10% तक |
| इंजीनियरिंग सामान | 10% तक |
| प्लास्टिक और रबर | 10% तक |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 10% तक |
| फॉर्मास्यूटिकल्स | 5% तक |
| कृषि और संबद्ध क्षेत्र | 5% तक |
| केमिकल्स | 5% तक |

**भारत को और क्या फायदा–**

- भारत में 15 साल में 20 अरब डॉलर (1.88 लाख करोड़ रुपये) का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आएगा।
- सर्विस में 118 सेक्टर्स के बाजार में पहुँच। इनमें आईटी, शिक्षा, पर्यटन, वित्तीय सेवाएँ शामिल हैं।
- भारतीय पेशेवरों को हर साल 5 हजार अस्थायी वर्क वीजा। अधिकतम 3 साल तक रहने की अनुमति रहेगी।
- भारतीय छात्रों के लिए मोबिलिटी और पोस्ट-स्टडी वीजा। स्नातक/मास्टर्स के लिए 3, पीएचडी के लिए 4 साल का वर्क वीजा। 1000 युवाओं को वर्किंग हॉलिडे वीजा।

■ **AAP के 7 बागी सांसदों का भाजपा में विलय: राज्यसभा सभापति की स्वीकृति–**

27 अप्रैल, 2026 को राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी (AAP) के 7 बागी सांसदों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय को आधिकारिक मंजूरी दे दी। इन सांसदों ने 24 अप्रैल को भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। ये सांसद निम्न हैं–राघव चड्ढा, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, राजेन्द्र गुप्ता और विक्रमजीत सिंह साहनी।

**संवैधानिक प्रावधान (दलबदल विरोधी कानून)**

- राज्यसभा में AAP के कुल 10 सांसद थे।
- संविधान की 10वीं अनुसूची के अनुसार, यदि किसी विधायी दल के दो-तिहाई (2/3) या उससे अधिक सदस्य किसी अन्य दल में विलय करते हैं, तो उनकी सदस्यता पर दलबदल कानून के तहत खतरा नहीं रहता।
- चूंकि 10 में से 7 सांसदों (70%) ने एक साथ पाला बदला, इसलिए उनकी सदस्यता सुरक्षित रही।

**Newspaper of 30 April, 2026**

■ **पीएम नरेन्द्र मोदी ने मेरठ से प्रयागराज (594 किमी.) गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया–**

29 अप्रैल, 2026 को उत्तर प्रदेश में 594 किमी लंबे मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण किया। इसमें पश्चिमी यूपी में मेरठ से पूर्वी यूपी के प्रयागराज तक की यात्रा अब सिर्फ 6 घंटे में की जा सकेगी। पहले इसमें 12 घंटे का समय लगता था। यह एक्सप्रेसवे बढ़कर हरिद्वार तक पहुँचेगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**एक्सप्रेसवे : एक नजर में–**

- 594 किलोमीटर लंबा
- उत्तर प्रदेश के 12 जिले जुड़ेंगे।
- 6 लेन की सड़क (8 लेन तक बढ़ाया जा सकता है।)
- 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन
- शुरुआत–बिजौली गांव (मेरठ)
- अंत–डांडू गाँव (प्रयागराज)
- 18 फ्लाईओवर
- 381 अंडरपास
- 3.5 किमी लंबी एयरस्ट्रिप (हरदोई में)

■ **राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के 2026 के सर्वे में भारत का हेल्थकेयर सस्ता और सुलभ हुआ–**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के 80वें दौर के 'हाउसहोल्ड' सोशल कंजम्प्शन: हेल्थ' सर्वे, जिसे 29 अप्रैल, 2026 को जारी किया, के अनुसार भारत में स्वास्थ्य सेवाएँ अब पहले की तुलना में अधिक सुलभ और किफायती हुई हैं। 1.39 लाख से अधिक ग्रामीण और शहरी परिवारों पर आधारित इस सर्वे में सामने आया कि अधिक लोग इलाज के लिए आगे आ रहे है, सरकारी अस्पतालों का उपयोग बढ़ा है और जेब से होने वाला खर्च घटा है। वैश्विक स्तर पर जहाँ स्वास्थ्य खर्च बढ़ा रहा है, वही भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के जरिए जरूरी इलाज कम या शून्य लागत पर उपलब्ध हो रहा है।

सर्वे के अनुसार 2025 में अस्पताल में भर्ती पर औसत जेब खर्च (ओओपीई) 11285 रुपए रहा, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह घटकर 1100 रुपए रह गया। आउटडोर इलाज में सार्वजनिक संस्थानों में कई मामलों में खर्च शून्य है। मुफ्त दवा सेवा (एफडीएसआइ) और मुफ्त जाँच पहल (एफडीआइ) ने इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

■ **अप्रैल, 2026 में फिलीपिंस अमेरिका के नेतृत्व वाले 'पैक्स सिलिका' (Pax Silica) का 13वां सदस्य बन गया है।**

इसका मुख्य लक्ष्य सेमीकंडक्टर, AI और महत्त्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करना है।

फिलीपींस के लुजोज में 4000 एकड़ का एक औद्योगिक केन्द्र विकसित किया जाएगा। यह केन्द्र चिप निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स और निकल/कोबाल्ट जैसे खनिजों के प्रसंस्करण पर केन्द्रित होगा। पैक्स सिलिका में कुल सदस्य देश 13 हैं–(ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, ग्रीस, भारत, इजराइल, जापान, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), यूनाइटेड किंगडम (UK) और संयुक्त राज्य अमेरिका)

■ **धोलेरा एसईजेड में भारत के पहले चिप निर्माण संयंत्र की अधिसूचना जारी की गई–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने गुजरात के धोलेरा विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) में भारत के पहले चिप फैब्रिकेशन प्लांट की अधिसूचना जारी की है। यह संयंत्र धोलेरा, गुजरात में स्थापित होगा। इसे टाटा सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड स्थापित करेगी। इस परियोजना से लगभग 21000 रोजगार सृजित होने की संभावना है। इस परियोजना में लगभग ₹91000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है।

■ **मध्य प्रदेश के रीवा जिले में बनेगा देश का पहला निजी क्षेत्र का न्यूक्लियर पावर प्लांट–**

मध्यप्रदेश के रीवा जिले की सिरमौर तहसील में क्वोंटी के पास रोझौंही में देश का पहला निजी क्षेत्र का न्यूक्लियर पावर प्लांट बनेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए मप्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण 169 हेक्टेयर जमीन आवंटित करेगा।

टाटा एनर्जी इसे बनाएगी। इसकी क्षमता 220 मेगावाट (शुरुआती), 1000 मेगावाट (मध्यम अवधि) और अंत में 2400 मेगावाट।

■ **ग्लोबल जीडीपी रैंकिंग 2025-26–भारत फिसलकर छठे स्थान पर आया–**

अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' (अप्रैल, 2026) के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, नॉमिनल जीडीपी के मामले में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से फिसलकर छठे स्थान पर आ गया है। इस रैंकिंग में जापान और यूनाइटेड किंगडम (UK) ने भारत को पीछे छोड़ दिया है।

**वर्तमान जीडीपी रैंकिंग (2026 अनुमान)**

| रैंक | देश | जीडीपी (ट्रिलियन USD में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2024 | 2025 | 2026 |
| 1 | अमेरिका | $29.3 | $30.8 | $32.38 |
| 2 | चीन | $18.9 | $19.6 | $20.85 |
| 3 | जर्मनी | $4.7 | $5 | $5.45 |
| 4 | जापान | $4.19 | $4.44 | $4.38 |
| 5 | यूके | $3.7 | $4 | $4.26 |
| 6 | भारत | $3.76 | $3.92 | $4.15 |

■ **वर्ष 2025-26 में चीन बना भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार–**

वित्त वर्ष 2025-26 में चीन ने अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार का स्थान हासिल कर लिया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- चीन 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में भी भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार था।
- अमेरिका 2024-25 तक लगातार चार वर्षों तक भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था।
- दोनों देशों (चीन व भारत) के बीच कुल व्यापार 151 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुँच गया।
- **व्यापार घाटा**–इसमें भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा रिकॉर्ड 112.16 अरब डॉलर रहा, जो विगत वर्ष 99.2 अरब डॉलर था।
- **आयात**–चीन से भारत का आयात 16% बढ़कर 131.63 अरब डॉलर हो गया।
- **निर्यात**–चीन को भारत का निर्यात 36.66% की वृद्धि के साथ 19.47 अरब डॉलर रहा।

### मथुरा-नागदा तीसरी व चौथी लाइन: 'विशेष रेल परियोजना' घोषित किया–

केन्द्र सरकार ने मथुरा-नागदा तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना को 'विशेष रेल परियोजना' घोषित करते हुए इसे राष्ट्रीय अवसंरचना का दर्जा प्रदान किया है। इस संबंध में भारत के राजपत्र में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

**प्रमुख बिंदु–**

- इस रेल लाइन परियोजना की कुल लंबाई लगभग 568 किलोमीटर है।
- यह परियोजना नागदा (मध्यप्रदेश) से मथुरा (उत्तर प्रदेश) तक विस्तृत है।
- यह लाइन राजस्थान के कोटा और भरतपुर जिलों से होकर गुजरेगी।

### भव्य योजना के तहत राजस्थान के 5 जिलों में अत्याधुनिक औद्योगिक हब विकसित होंगे–

राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार की 'भव्या योजना' के अंतर्गत राज्य में उच्च स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए पाँच प्रमुख जिलों का चयन किया है।

**चयनित जिले और विस्तार–**

- राजस्थान के बालोतरा, जयपुर, जोधपुर, कोटा और दौसा जिलों में ये औद्योगिक हब विकसित किए जाएँगे।
- **योजना का नाम**–बिल्डिंग हाई इम्पैक्ट वैल्यू एडेड फॉर एक्सलरेटेड डेवलपमेंट।
- यह योजना केन्द्र सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के मार्गदर्शन में संचालित है। इनकी नोडल एजेंसी 'नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन' (NIDC) है।
- उल्लेखनीय है कि योजना को दो चरणों में लागू किया जाएगा, जिसमें देश भर से कुल 100(50+50) औद्योगिक क्षेत्रों का चयन किया जाना है।

□□□

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


51 वर्षों से आपका विश्वसनीय

आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु हिन्दी की उपयोगी पुस्तकें




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com